प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 11.04.2026

- **आवेदिका को साइबर ठग द्वारा आनलाइन पार्सल भेजने की बात कहकर पार्सल को पुलिस द्वारा पकड़ लेने की धमकी देते हुए ₹ 1,40,000/- जन सेवा केन्द्र से ट्रांसफर करवाकर साइबर ठगी करने के सम्बन्ध में साइबर हेल्प डेस्क शिवली पर शिकायत की गयी थी।**
- **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में धनराशि ₹ 55,425/- को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता आवेदिका श्रीमती प्रीति पत्नी सोमनाथ निवासी ग्राम बाघपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात को अज्ञात साइबर ठग द्वारा आनलाइन पार्सल भेजने की बात कहकर पार्सल को पुलिस के पकड़ लेने की धमकी देते हुए पीड़िता से ₹ 1,40,000/- जन सेवा केन्द्र से ट्रांसफर करवाकर साइबर ठगी करने के सम्बन्ध में दिनांक 03.10.2025 को साइबर हेल्प डेस्क शिवली पर शिकायत दर्ज करायी थी। जिस पर थाना शिवली पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा जांच एवं कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता की कटी हुयी धनराशि में से ₹ 55,425/- रूपये को दिनांक 11.04.2026 को आवेदिका के खाते मे वापस करायी गयी है। शेष धनराशि की बरामदगी हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने थाना शिवली पुलिस का धन्यवाद दिया।

1.मोबाइल फोन खोने पर सीईआईआर पोर्टल व संचार साथी एप्लीकेशन के माध्यस से शिकायत दर्ज करें- https://www.ceir.gov.in

2.आनलाइन फ्राड खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या https://www.cybercrime.gov.in/ पर शिकायत दर्ज करे।

वापस करायी गयी धनराशि-

₹55,425/-

धनराशि वापस कराने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अमरेन्द्र बहादुर सिंह
2. उ0नि0 श्री सोमवीर सिंह
3. म0का0 1261 प्रीति सोनकर